# क्रिकेट टुडे

क्रिकेट की जीवन रेखा सितंबर 2020 • ₹50

डायमंड

www.crictoday.com



**आईपीएल 2020 में केएल राहुल को कप्तान के तौर पर बहुत कुछ साबित करना होगा**

**आईपीएल 2020 - ये 5 बल्लेबाज इस सीजन जीत सकते हैं ऑरेंज कैप**

**आईपीएल 2020 - नंबर 3 पर खेलने वाले टॉप-5 बल्लेबाज**

**आईपीएल के इतिहास के 5 सबसे खराब कोच**

## क्या इस बार CSK और MI का विजय रथ रुक पाएगा?


CINTHOL
ALIVE IS AWESOME
CINTHOL CHARCOAL
THE AFTER ADVENTURE SOAP
PACK OF 3
WORTH ₹270
₹216
BESTSELLER
CINTHOL
CHARCOAL
ACTIVE DEO FRAGRANCE
DEEP CLEANSING ACTION
OIL-FREE SKIN
AVAILABLE ON
amazon Flipkart
AND AT STORES NEAR YOU.

# नम्बर 1 खेल पत्रिका अब है ऑनलाइन

**www.crictoday.com**

## बस लॉग ऑन करें और पहुंच जाएं क्रिकेट की दुनिया में.

हम जानते हैं कि आपका मन क्रिकेट से कभी नहीं भरेगा. इसलिए क्रिकेट टुडे अब है ऑनलाइन. बस लॉग ऑन करें और पाएं सभी अंतर्राष्ट्रीय मैचों का लाइव कवरेज, प्रसिद्ध क्रिकेटरों और समीक्षकों द्वारा लिखित आर्टिकल तथा खास फोटो और वीडियो गैलरी. बस इतना ही नहीं, इस साइट पर आपको अंतर्राष्ट्रीय और फस्ट क्लास क्रिकेटरों के आंकडों के साथ मैदान में होने वाली हर खबर की जानकारी मिलेगी.

# क्रिकेट टुडे

क्विक स्कोर अपडेट : डेस्कटॉप स्कोरबोर्ड : ऑनलाइन गेम्स

लेटेस्ट न्यूज़ व कवरेज : कंपलीट सीरीज़ शिड्यूल : ब्लॉग व इंटरव्यू

पिक्चर व वीडियो गैलरी : डाउनलोड ज़ोन






# यूएई में आईपीएल 2020 का रोमांच!

विश्व के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई के रंगारंग टी20 टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग का 13वां संस्करण इस बार संयुक्त अरब अमीरात में खेला जा रहा है। फटाफट क्रिकेट के इस महाकुंभ में पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। मालूम हो कि भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बीसीसीआई ने आईपीएल 2020 को यूएई में आयोजित करने का निर्णय लिया था। इससे पहले साल 2014 में देश में आम चुनावों की वजह से इंडियन प्रीमियर लीग के 7वें सीजन के शुरुआती 20 मैच यूएई में 3 स्थानों पर खेले गए थे। इस बार भी वहां के तीन ही मैदानों पर आईपीएल 2020 के मैच खेले जा रहे हैं। कोरोना वायरस महामारी के कारण लंबे समय तक आईपीएल के स्थगित रहने के बाद भारतीय क्रिकेट फैंस को उस समय बड़ी खुशखबरी मिली, जब ऐलान किया गया कि IPL 2020 का आयोजन देश के बाहर संयुक्त अरब अमीरात में किया जाएगा। इससे पहले आईपीएल का आयोजन 29 मार्च से 24 मई तक भारत में होना था, लेकिन कोरोना वायरस ने यहां आईपीएल पर विराम लगा दिया, जिसके लगभग 6 महीनों बाद बीसीसीआई ने फैंस को बड़ी खबर सुनाई। बहरहाल, देर से ही सही, लेकिन क्रिकेट के दीवानों को खुशखबरी तो मिली।

डायमंड अंक- 262
वर्ष-20, अंक-10

क्रिकेट टुडे

प्रधान संपादक
मनीष वर्मा

उप संपादक
शादाब अली

समाचार संपादक
अंकुर वर्मा

ग्राफिक डिजाइनर
मांडवी यादव

प्रोडक्शन कोऑर्डिनेटर
सुनील चौधरी

फोटो
ए.पी. फोटोकॉर्प, राजकुमार,

BUSINESS OFFICES
DIAMOND MAGAZINES PVT. LTD.
X-30, Okhla Ind. Area, Ph-2, New Delhi-20,
Tel 011-40712100,
Fax (011) 26386124, e-mail: pressrelease@dpb.in
Director (Mktg.) Manish Verma,
E-mail : manish@dpb.in

BUSINESS OFFICES :
Delhi- Mumbai- Kolkata- Bangalore- Nagpur- Chennai- Hyderabad- Ahmedabad- Punjab- Pune- Dehradun- Ranchi- Patna- Bhopal- Jaipur- Kanpur- Guwahati- Bhubaneswar

Our Bankers: Nainital Bank, Lajpat Nagar, Delhi

Total Pages : 68 Including Cover

Copyright
2005 "Cricket Today" is a registered trademark of The Diamond Group. All rights reserved. No Part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopied, recorded or otherwise, without prior permission.

Printed & Published by Manish Verma and Edited by Manish Verma on behalf of Diamond Magazines Pvt. Ltd. Printed at MP Printers B-220 Ind. Area Phase-2, Noida,UP-201305 and Published at X-30, Okhla Ind. Area, Ph-2, New Delhi-20, Tel 011-40712100
Editor : Manish Verma, E-mail : manish@dpb.in




**16** **आमुख कथा**
IPL 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब सबसे सफल टीम थी जिसनें UAE की धरती पर 5 मैच खेले थे और सभी में जीत दर्ज की थी।





**22**
IPL 2020 में केएल राहुल को कप्तान के तौर पर बहुत कुछ साबित करना होगा





**26**
CSK के प्रदर्शन पर सुरेश रैना की गैर मौजूदगी का असर कहां-कहां आएगा?





**32**
IPL 2020- क्या आंद्रे रसेल अपना 2019 वाला जलवा इस बार भी दिखा पाएंगे?





**38**
IPL 2020 - नंबर 3 पर खेलने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

न्यूज **12**





IPL 2020 - क्यों धोनी को रैना की जगह नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए?....28
IPL के इतिहास में टॉप-5 डेथ ओवर के गेंदबाज....44
IPL 2020 - सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले टॉप-5 भारतीय बल्लेबाज....48
IPL 2020 - एक कप्तान की अगुवाई में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले टॉप-11 गेंदबाज....52


## नियमित कॉलम


न्यूज....12
लाइफस्टाइल....14



**इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच** एकदिवसीय सीरीज के पहले मुकाबले के दौरान इंग्लैंड के मैनचेस्टर में ऑल ट्रेफोर्ड मैदान का एक खूबसूरत नजारा





**इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच**
टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले के दौरान मैनचेस्टर के ऑल ट्रेफोर्ड स्टेडियम के ऊपर चांद का बेहद शानदार द्रश्य।





**मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफोर्ड मैदान पर** इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मुकाबले के दौरान ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबूशेन ने अंग्रेजी बल्लेबाज जॉस बटलर का शानदार कैच पकड़ा।


229
3
LABUSCHAGNE



## IPL 2020 'बिग बॉस' के घर जैसा

**मौजूदा** समय में कोरोना संक्रमण ने पूरे विश्व में बवाल मचाया हुआ है. यह वायरस अभी तक कई लाख लोगों की जान ले चुका है. इससे क्रिकेट पर भी ख़ासा प्रभाव पड़ा है. हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने बायो बबल को बिग बॉस के घर जैसा बताया है. मालूम हो कि बीसीसीआई ने भारत में बढ़ते कोरोना के प्रकोप को देखते हुए आईपीएल 2020 को संयुक्त अरब अमीरात में कराने का निर्णय लिया है, जिसका आगाज 19 सितंबर से होगा. शिखर धवन ने एक साक्षात्कार में कहा, "हमारी मानसिक शक्ति का परीक्षण करने के लिए 'बायो बबल' अच्छा लगा. यह हर किसी के लिए एक नई बात है, चुनौती से ज्यादा... मैं इसे हर पहलू में सुधार करने के अवसर के रूप में देखता हूं. मैं खुद का मनोरंजन करता रहता हूं और इसे सकारात्मक तरीके से लेता हूं. मैं समझता हूं कि यह बिलकुल बिग बॉस के घर जैसा है."

## ऑलराउंडर दिला सकता है पहला खिताब

**दिग्गज** बल्लेबाज विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) की टीम आगामी संस्करण में अपने पहले आईपीएल टाइटल की तलाश में होगी। आरसीबी में हमेशा से ही कई मैच विनर खिलाड़ियों का जमावड़ा रहा है। इसके बावजूद भी इस टीम ने कभी खिताबी जीत का स्वाद नहीं चखा। किंग कोहली आईपीएल के चौथे संस्करण से ही इस फ्रेंचाइजी की अगुवाई करते आ रहे हैं। वहीं, इस बार भी आरसीबी की कमान कोहली के ही हाथों में होगी। क्रिस मोरिस को अपनी टीम में शामिल किया है।



## KXIP जीत पाएगी पहला टाइटल

**इस** बार आईपीएल का 13वां संस्करण संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में खेला जा रहा है। ऐसे में सभी टीम्स के खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी कमर कस ली है। वहीं, किंग्स इलेवन पंजाब (KXIP) इस बार नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेगी। KXIP की कमान स्टार सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के हाथों में होगी। इस बीच टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर इरफान पठान ने केएल राहुल का समर्थन किया है। इरफान को भरोसा है कि आईपीएल 13 के समापन के बाद फैंस 28 साल के केएल राहुल की कप्तानी के बारे में बात जरूर करेंगे। इरफान के मुताबिक, अगर राहुल टीम की अच्छी अगुवाई करेंगे तो उनकी टीम पहला आईपीएल खिताब जीत सकती है, जिसके बाद फैंस उनकी कप्तानी के बारे में बात करना शुरू कर देंगे।






# भारत

## एमएस धोनी बड़े शिकारी हैं

**धोनी** ने भारतीय टीम को आईसीसी का हर एक मुख्य खिताब दिलाया है। यहां तक कि माही विश्व के नंबर एक मैच फिनिशर भी रह चुके हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर डीन जोंस ने धोनी की जमकर तारीफ की है। जोंस ने धोनी को अपने ऑलटाइम फेवरेट टॉप-5 भारतीय खिलाड़ियों में चुना है। उन्होंने कहा कि माही युवाओं को मैदान में ज़्यादा इमोशन नहीं दिखाते हैं, लेकिन विरोधी टीम से दो कदम आगे रहते हैं। पूर्व कंगारू दिग्गज ने धोनी की रणनीति की तुलना कोबरा अटैक से की है। जोंस के मुताबिक, धोनी एक प्लान बनाकर विरोधी टीम की गलती का इंतजार करते हैं।

## डी विलियर्स ने इस बल्लेबाज को बताया अपने जैसा

**दक्षिण** अफ्रीकी टीम के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज डी विलियर्स की गिनती विश्व के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में की जाती है। हाल ही में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम के युवा बल्लेबाज जोशुआ फिलिप की तुलना खुद से की है। एबी ने कहा कि फिलिप में उन्हें अपने खेल की झलक नजर आती है। बता दें कि आईपीएल के आगामी संस्करण में जोशुआ फिलिप और एबी डी विलियर्स एक साथ खेलते नजर आएंगे। इस कंगारू खिलाड़ी को आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, ''मैं जोशुआ फिलिप के साथ बातचीत करना चाहता हूं। मुझे उनके और अपने अंदर बहुत सारी समानताएं नजर आती हैं, जब मैं युवा था तब उनकी तरह ही खेलता था। मैं जोश को खेलता देखना चाहता हूं।''



### अविश्वसनीय कैच

दक्षिण अफ्रीकी टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज जोंटी रोड्स की गिनती आज भी विश्व के नंबर एक फील्डर के तौर पर की जाती है। 51 साल के जोंटी का एक वीडियो सोशल मीडिया की सनसनी बना हुआ है, जिसमें उनका 'जवानी' वाला अवतार नजर आ रहा है। दरअसल, किंग्स इलेवेन पंजाब ने जोंटी का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वे डाईव लगाकर असंभव कैच को संभव बनाते नजर आ रहे हैं। फ्रेंचाइजी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ''क्या आप इस तरह कैच पकड़ सकते हैं?'' इसके अलावा आईसीसी ने भी जोंटी का यही वीडियो साझा करते हुए लिखा, ''17 साल पहले ये बतौर खिलाड़ी इंटरनेशनल मैच में नजर आए थे, जोंटी रोड्स अभी भी माहिर हैं।''


### अगले 'विराट कोहली' के नाम का खुलासा

भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली आज किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं. उनकी गिनती विश्व के सबसे धुरंधर बल्लेबाजों में की जाती है. इस दिग्गज बल्लेबाज ने क्रिकेट के तीनों ही फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया है. अब हाल ही में दिग्गज क्रिकेट कमेंटेटर और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने बताया है कि टीम इंडिया के लिए अगला ''विराट कोहली'' कौन हो सकता है. उन्होंने कहा, ''मुझे यकीन है कि उनकी (केएल राहुल) कप्तानी अच्छी रहेगी. दरअसल, हमें उनकी कप्तानी के बारे में पता चल जाएगा कि वह मैच को कैसे चलाते हैं और किस तरह की रणनीति का प्रयोग करते हैं. अगर हम कोहली और रोहित को देखते हैं तो वो दोनों ही एक ही उम्र के हैं और एक वक्त के बाद आपको ऐसा महसूस होगा कि वो कप्तान जैसे ही नहीं हैं अब.''



## तेंदुलकर ने जीता फैंस का दिल

**सचिन** तेंदुलकर अकसर जरूरतमंदों की मदद करते देखे जाते हैं। हाल ही में सचिन ने 560 गरीब बच्चों की सहायता के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। सचिन ने एक गैर सरकारी संगठन (NGO) के साथ मिलकर इन बच्चों की हर सहायता करने का संकल्प लिया है। सचिन के इस कदम की हर तरफ तारीफ हो रही है। सचिन एनजीओ परिवार नामक संगठन से हाथ मिलकर यह नेक काम कर रहे हैं। बताते चलें कि लिटिल मास्टर के इस सराहनीय कदम की वजह से मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के चार गावों के बच्चों को शिक्षा और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है, जिनमें सीहोर जिले के बीलपति, सेवानिया, खापा, जामुनझील और नयापुरा नामक गावों के आदिवासी बच्चे शामिल हैं।



## प्रथ्वी शॉ प्राची सिंह को कर रहे डेट

**प्रथ्वी** शॉ बॉलीवुड एक्ट्रेस प्राची सिंह के साथ डेटिंग कर रहे हैं। इतना ही नहीं यह खबर इसलिए भी चर्चा में आई, क्योंकि प्रथ्वी शो की इंस्टाग्राम पोस्ट पर प्राची सिंह के कमेंट्स और लाइक्स लगातार आ रहे हैं। यहां तक कि प्रथ्वी प्राची के कमेंट पर रिप्लाई देने से नहीं चूकते हैं। २३ साल की प्राची सिंह अभिनेत्री होने के साथ-साथ ही अच्छी डांसर और मॉडल भी हैं। प्राची कलर्स के लोकप्रिय पारिवारिक धारावाहिक उड़ान में काम कर चुकी हैं।



## पापा-बेटे की बोन्डिंग

**शोएब** मलिक के लिए लॉकडाउन का समय काफी मुश्किलों भरा गुजरा था। इस दौरान शोएब ने पत्नी सानिया मिर्जा और बेटे इजहान से मिलने की काफी कोशिश की, लेकिन वे उनसे मिल नहीं सके। आखिरकार, अब शोएब अपने परिवार से मिल चुके हैं और वे अपनी पत्नी और बेटे के साथ हैं। शोएब मालिक ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वे अपने बेटे के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो काफी भावुक करने वाला है।



## 'बेबी बंप' की तस्वीर

**टीम** इंडिया के कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने पिछले महीने अगस्त में फैंस को खुशखबरी सुनाते हुए कहा था कि वे जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। अब अनुष्का शर्मा ने सोशल मीडिया पर बेबी बंप फ्लोंट करते हुए एक तस्वीर शेयर की है। अनुष्का की यह पिक्चर खूब वायरल हो रही है। इस पर अनुष्का के पति कोहली ने भी कमेंट लिखा है। तस्वीर में अनुष्का समुद्र किनारे खड़े होकर बेबी बंप की तरफ देखते हुए मुस्कुरा रही हैं। अदाकारा की इस पोस्ट पर पति विराट कोहली ने एक खूबसूरत कमेंट लिखा है। कोहली ने लिखा, ''मेरी पूरी दुनिया एक फ्रेम में।'' गौरतलब है कि विराट और अनुष्का ने 11 दिसंबर 2017 को इटली में एक दूसरे के साथ शादी रचाई थी, जिसके बाद दोनों ने खूब सुर्खियां बटोरीं हैं।



## हेजल कीच की फरमाइश

**युवराज** ने अपनी डोमेस्टिक टीम पंजाब में एक खिलाड़ी और एक मेंटोर के तौर पर जुड़ने के लिए बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली को पत्र लिखा था, जिसके बाद क्रिकट्रेकर की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने कहा कि अब युवराज का नाम बीसीसीआई के रिकॉर्ड्स में बतौर पूर्व खिलाड़ी जुड़ चुका है, इसलिए वे वापसी नहीं कर पाएंगे। अब युवी सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी और हेजल कीच की फरमाइश पूरी करते नजर आ रहे हैं। हेजल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो साझा की है। इस तस्वीर में युवराज पत्नी हेजल के गालों को चूमते नजर आ रहे हैं। वहीं, अदाकारा ने लिखा, ''मैं जानती हूं कि तुम काम करने वाले और बिजी इंसान हो, लेकिन क्या तुम मेरे लिए घर पर आ सकते हो..। मैं तुम्हें मिस कर रही हूं।'' इसके बाद बाएं हाथ के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज ने जवाब देते हुए लिखा, 'मैं आ रहा हूं।' युवी के इस अंदाज को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

शादाब अली




# IPL 2020 - जानें सभी टीमों की कमजोरी और स्ट्रैंथ, इस बार किस टीम की है कितनी संभावना

IPL 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब सबसे सफल टीम थी जिसनें UAE की धरती पर 5 मैच खेले थे और सभी में जीत दर्ज की थी।...

कोरोना वायरस के कारण लंबे समय तक स्थगित रहने के बाद इस बार IPL सीजन देश के बाहर 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में खेला जाएगा। कोरोना के खतरे के चलते इस बार IPL के सभी मैच बंद दरवाजों के बीच खेले जाएंगे यानी दर्शकों को मैच के दौरान स्टेडियम में जाने की एंट्री नहीं होगी। ऐसे में IPL 2020 सभी खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों के लिए थोड़ा अलग रहने वाला है। IPL 2020 का आगाज पहले 29 मार्च से होने वाला था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के चलते टूर्नामेंट को लंबे समय के लिए स्थगित करना पड़ा। इस बीच लॉकडाउन के कारण IPL में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी कई महीनों तक घरों में कैद रहे जिससे उन्हें टूर्नामेंट की तैयारी का ज्यादा समय नहीं मिला। ऐसे में अचानक बिना किसी खास तैयारी के खिलाड़ियों का IPL में उतरना काफी चुनौतीपूर्ण माना जा रहा। इन सब चुनौतियों के बावजूद सभी टीमें IPL खिताब जीतने के मकसद से UAE पहुंच चुकी हैं और जल्द से जल्द ट्रेनिंग के लिए मैदान में उतरने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। वैसे तो सभी टीमें 2019 में हुई नीलामी के बाद कागज पर काफी मजबूत नजर आ रही हैं, लेकिन टीमों की असली परीक्षा देश के बाहर UAE के मैदान और पिचों पर होगी। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा की भारत के बाहर टीमें UAE की धरती पर किस तरह का प्रदर्शन कर पाती है। तो आइए जानते हैं इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें संस्करण में हिस्सा लेने वाली हैं कौन सी टीमें जो खिताब की रेस में सबसे आगे।




## किंग्स इलेवन पंजाब (Kings XI Punjab)

**रनर अप- 2014**
**प्लेऑफ- 2018**

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में किंग्स इलेवन पंजाब भले ही आज तक कोई खिताब नहीं जीत पाई हो, लेकिन 2014 में खेले गए शुरुआती 20 मैचों में किंग्स इलेवन पंजाब का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा था।

IPL 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब सबसे सफल टीम थी जिसनें UAE की धरती पर 5 मैच खेले थे और सभी में जीत दर्ज की थी।

इस दौरान टीम के स्टार ऑलराउंडर ग्लैन मैक्सवेल ने 5 मैचों में रनों का अंबार लगा दिया था। इस प्रदर्शन के दम पंजाब की टीम IPL 2014 में शुरुआती 20 मैच के बाद पाइंट्स टेबल में टॉप पर थी।

ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि किंग्स इलेवन पंजाब के लिए UAE की धरती कितनी भाग्यशाली है। किंग्स इलेवन पंजाब (KXIP) टीम और उसके खिलाड़ियों की बात करें, तो ये टीम कागज पर तो मजबूत नजर आती है।

लेकिन IPL के पिछले कुछ सीजन में टीम अपनी स्ट्रैंथ के हिसाब से प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। हालांकि अपने खराब इतिहास को भुलाकर पंजाब एक नये सिरे से आईपीएल में उतरेगी। ऐसे में ये जरुरी हो जाता है कि टीम अपने खिलाड़ियों का किस तरह इस्तेमाल करती है।




## चेन्नई सुपर किंग्स (Chennai Super Kings)

**विनर**- 2010, 2011,2018
**रनर अप**- 2008, 2012, 2013, 2015, 2019
**प्लेऑफ**- 2009, 2014

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम हर सीजन खिताब की प्रबल दावेदार मानी जाती है जिसके पीछे की सबसे बड़ी वजह है महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी। यही इस टीम की सबसे बड़ी ताकत भी है। हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद धोनी काफी आजाद महसूस कर रहे होंगे। ऐसे में उनका पूरा ध्यान चेन्नई सुपर किंग्स पर होगा जो विपक्षी टीम के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। इस बार IPL यूएई में होने वाला है और सभी टीमों के लिए वहां का माहौल काफी अलग होगा। चेन्नई उन कुछ चुनिंदा टीमों में शामिल है जो परिस्थिति और जगह के हिसाब से खुद को ढालने की काबिलियत रखती है। यही वजह है कि चेन्नई के स्पिनर UAE के वर्ल्ड क्लास स्पिनर इमरान ताहिर, रविंद्र जडेजा, हरभजन सिंह और पीयूष चावला स्पिन फ्रैंडली विकटों पर काफी खतरनाक साबित होंगे।

## कोलकाता नाइट राइडर्स (Kolkata Knight Riders

**विनर**- 2012, 2014
**रनर अप**- 2011, 2016, 2017, 2018

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए हर बार की तरह इस बार भी आंद्रे रसेल टीम का ट्रम्प कार्ड होंगे। रसेल IPL के ऐसे बल्लेबाज हैं जो अपने दम पर मैच का रूख बदल सकते हैं और पिछले सीजन वो ये बात अपने प्रदर्शन से साबित कर चुके हैं। रसेल के आलावा टीम के पास पैट कमिंस, शिवम मावी, कमलेश नागरकोट्टी जैसे शानदार पेसर भी हैं, हालांकि ये देखना दिलचस्प होगा कि UAE में ये तेज गेंदबाज किस तरह का प्रदर्शन करने में सफल होते हैं। इस टीम की सबसे बड़ी कमजोरी कप्तानी फैक्टर बन सकता है और गंभीर जैसी बात दिनेश कार्तिक के अंदर नहीं है। स्पिनरों की कमी भी इस टीम के लिए UAE में मुश्किलें खड़ी कर सकती है क्योंकि ये पूरी तरह से कुलदीप यादव पर निर्भर हैं और सुनील नरेन में अब वो पहले जैसी बात नहीं रही है।








## दिल्ली कैपिटल्स (Delhi Capitals)

**प्लेऑफ- 2008, 2009, 2012, 2019**

एक वक्त था जब दिल्ली कैपिटल्स IPL टूर्नामेंट की सबसे कमजोर टीमों में गिनी जाती थी, लेकिन 2019 में जैसे ही अपना नाम दिल्ली डेयरडेविल्स से दिल्ली कैपिटल्स रखा, वैसे ही टीम नें अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। हालांकि, दिल्ली के इस प्रदर्शन में नाम से ज्यादा उसके खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन था जिसकी बदौलत टीम 2012 के बाद पहली बार प्लेऑफ में पहुंचने में कामयाब रही। ऐसे में इस बार दिल्ली कैपिटल्स की टीम को पुरानी वाली दिल्ली टीम के रुप मे कमतर आंकना विपक्षी टीमों के लिए बड़ी भूल साबित हो सकता है। इस सीजन दिल्ली की टीम प्लेऑफ में पहुंचने की बड़ी दावेदार है। दिल्ली कैपिटल्स इस सीजन सबसे मजबूत बैटिंग लाइनअपन वाली टीमों में शुमार है जिसके पास शिखर धवन, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, पृथ्वी शॉ जैसे युवा और प्रतिभाशाली भारतीय टीम के लिए खेलने वाले बल्लेबाज हैं। भारतीय बल्लेबाजों के अलावा टीम के पास शिमरोन हेटमायर, एलेक्स कैरी और जेसन रॉय जैसे शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं जो टीम की बल्लेबाजी को काफी गहराई देते हैं। साथ में कोचिंग स्टॉफ में रिकी पोंटिंग जैसे कोच का दिमाग भी है। यही वजह है कि पिछले सीजन से इस टीम का प्रदर्शन और मानसिकता पूरी तरह से बदल गई है।




## मुंबई इंडियंस (Mumbai Indians)

**विनर- 2013, 2015, 201, 2019**
**रनर अप- 2010**
**प्लेऑफ- 2011, 2012, 2014**

मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल टीम है जो अब तक अपने नाम 4 खिताब कर चुकी हैं। इस टीम के बारे में माना जाता है कि ये टीम सीजन में कभी भी अपना गियर बदल सकती है और प्लेऑफ में पहुंचने पर खिताब की सबसे मजबूत दावेदार होती है। हालांकि इस बार IPL के यूएई में होने से इस टीम के लिए थोड़ी मुश्किलें पैदा हो सकती हैं, लेकिन अपने बड़े नाम और काम के कारण ये कहीं भी अपनी बादशाहत का परिचय देने का माद्दा रखती है। हर बार की तरह इस बार भी मुंबई खिताब की रेस में होगी जिसकी सबसे बड़ी वजह है कप्तान रोहित शर्मा जो क्रिकेट इतिहास में अपने नाम पर पूरी एक रिकॉर्ड बुक कर चुके हैं। ये टीम IPL की सबसे मजबूत टीमों में से एक है, जो हर डिपार्टमेंट में अव्व्ल है, फिर चाहे बैटिंग और गेंदबाजी की बात हो या फिर रोहित शर्मा की कप्तानी की।




## राजस्थान रॉयल्स (Rajasthan Royals)

**विनर- 2008 प्लेऑफ- 2013, 2015, 2018**

मुंबई की तरह राजस्थान रॉयल्स (Rajasthan Royals) की बल्लेबाजी में बहुत गहराई है। अधिकतर खिलाड़ी पिछले सीजन अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। इस बार स्टीव स्मिथ का कप्तान होना भी टीम के प्रदर्शन में 4 चांद लगा सकता है। हालांकि टीम में किसी बड़े भारतीय खिलाड़ी का न होना शायद राजस्थान के लिए थोड़ा चिंता बढ़ा सकता है।




## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RoyaL Challengers Bnaglore)

**रनर अप**- 2009, 2011, 2016
**प्लेऑफ**- 2010, 2015
विराट कोहली और एबी डिविलियर्स जैसे शानदार बल्लेबाजों से सजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर कागजों पर सबसे मजबूत बैटिंग लाइन अप वाली टीम है । कोहली और डिविलियर्स का टीम में होना ही इसे सबसे अनोखी टीम बनाता है और यही दोनों बल्लेबाज इस टीम का एक्स फैक्टर और मजबूती है। हालांकि इन दोनों बल्लेबाजों पर टीम का जरुरत से ज्यादा निर्भर होना पिछले कुछ सीजन टीम के लिए भारी पड़ चुका है। ऐसे में इस साल RCB पिछली गलतियों को दोहराने से बचना चाहेगी। यूएई की पिचों को देखते हुए टीम के पास युजवेंद्र चहल, मोईन अली, पवन नेगी और वाशिंगटन सुंदर जैसे दिग्गज स्पिनर भी हैं। ऐसे में टीम को यूएई में स्पिनरों की तरफ से बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है।




## सनराइजर्स हैदराबाद (Sunrisers Hyderabad)

**विनर**- 2016
**रनर अप**- 2018
**प्लेऑफ**- 2013, 2017, 2019
सनराइजर्स हैदराबाद का अपर बैटिंग ऑर्डर कमाल का है, जो इसे बाकी टीमों से बिलकुल जुदा करता है। टॉप आर्डर में डेविड वॉर्नर, केन विलियमसन और जॉनी बेयरेस्टो जैसे वर्ल्ड क्लास T20 बल्लेबाज हैं। ऐसे में इस टीम के इस सीजन प्लेऑफ में आसानी से पहुंचने पर किसी को भी हैरान नहीं होनी चाहिए। वॉर्नर की कप्तानी भी इस टीम को अलग स्तर की टीम बनाती है, क्योंकि वो 2016 में टीम को चैंपियन बना चुके हैं। हालांकि मध्य क्रम में बड़े खिलाड़ी की कमी टीम के लिए थोड़ा चिंता का विषय है।

मनीष




# IPL 2020 में केएल राहुल को कप्तान के तौर पर बहुत कुछ साबित करना होगा

टीम के नजरिए से राहुल पर बड़ी उम्मीद लगाई जा रही है, क्योंकि किंग्स इलेवन पंजाब ने एक बार भी टाइटल नहीं जीता है...







आईपीएल 2020 में कप्तान के तौर पर राहुल कितना कामयाब रहेंगे? इस सवाल के जवाब को जानना उनके सामने मौजूद चुनौती की चर्चा है। इसे अलग अलग तरह से देखना होगा।

टीम के नजरिए से राहुल पर बड़ी उम्मीद लगाई जा रही है, क्योंकि किंग्स इलेवन पंजाब ने एक बार भी टाइटल नहीं जीता है। ऐसा नहीं है कि वे हर सीजन में नाकामयाब रहे. 2014 में तो फाइनल में भी पहुंचे पर टाइटल नहीं मिला। अब टीम के समर्थक राहुल पर उम्मीद लगाए बैठे हैं, क्योंकि उन्हें राहुल में जोश, नया नजरिया और खुद मिसाल बनने वाली बात नजर आ रही है।

राहुल के नजरिए से उनके लिए 2018 से किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेलना बड़ा सही साबित हुआ है। 2013 से (2017 को छोड़कर) राहुल ने आईपीएल में, जो कुल 1977 रन 6

**राहुल के पास एक कप्तान के तौर पर खोने के लिए कुछ नहीं है न टाइटल और न कोई प्रतिष्ठा का दबाव। इसलिए आईपीएल 2020 से उन्हें कुछ हासिल ही करना है**

सीजन में बनाए उनमें से 1252 रन तो किंग्स इलेवन पंजाब के लिए दो सीजन में बनाए यानि कि 63 प्रतिशत से ज्यादा (28 मैच, 1 सेंचुरी, 12 स्कोर 50 वाले, औसत 54.43 और स्ट्राइक रेट 146.60 का)। इसलिए जब अश्विन के साथ दो सीजन में टाइटल जीतने की हसरत अधूरी रह गई तो टीम ने राहुल के युवा जोश पर दांव लगाया और अब यूएई में उसी का इम्तेहान है।

तीसरा पहलू ये देखने का है कि मुकाबला किससे है? आईपीएल 2020 के कप्तानों को दो ग्रुप में बांट सकते हैं। पहले में महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे आईपीएल के दिग्गज और दूसरे में केएल राहुल, डेविड वॉर्नर, श्रेयस अय्यर, स्टीव स्मिथ और दिनेश कार्तिक। इन सभी में से कप्तानी के अनुभव में राहुल का नंबर सबसे नीचे है। इस तरह राहुल को अपनी कप्तानी में टीम और खुद को कई पायदान ऊपर उठाना होगा। स्पष्ट है इसके लिए खास कोशिश की जरूरत है। अब तक खेले 67 आईपीएल मैच में से राहुल


LOTUS
HERBALS
SS







ने एक मैच में भी (जरूरत की स्थिति में) नियमित कप्तानी नहीं की है।

कुल मिलाकर राहुल को नया होने के बावजूद सबसे ज्यादा जिम्मेदारी दिखानी है। टीम को उम्मीद है उनसे। खुद उनकी फॉर्म टीम इंडिया में उनकी जगह पक्की करेगी और इस चर्चा से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि कप्तान के तौर पर उनकी कामयाबी टीम इंडिया के सेलेक्टर्स को भविष्य के लिए एक विकल्प देगी। राहुल 28+ हैं और इतने जोशीले कि इन चुनौती का सामना अच्छी तरह कर सकें। टीम के थिंक टैंक में अनिल कुंबले की हैड कोच के तौर पर मौजूदगी, क्रिस गेल का अनुभव, जिन्हें टीम ने धाकड़ ओपनर होने के साथ-साथ युवा क्रिकेटरों के मेंटोर की जिम्मेदारी भी दे दी है और साथ में टीम में करुण नायर एवं मयंक अग्रवाल की मौजूदगी, जिनके साथ वे कर्नाटक टीम में खूब खेले हैं, अतिरिक्त बोनस है।

अन्य सातों टीम के कप्तान सावधान रहें, क्योंकि राहुल के पास एक कप्तान के तौर पर खोने के लिए कुछ नहीं है न टाइटल और न कोई प्रतिष्ठा का दबाव। इसलिए आईपीएल 2020 से उन्हें कुछ हासिल ही करना है और इसमें वे कोई कमी नहीं रखेंगे। ●●

रोहित




# CSK के प्रदर्शन पर सुरेश रैना की गैर मौजूदगी का असर कहां-कहां आएगा ?

एक खिलाड़ी जिसे धोनी के बाद टीम का न सिर्फ सबसे ख़ास खिलाड़ी गिनते हों, उसकी गैमौजूदगी ही झटका दे देगी...

सुरेश रैना क्यों लौटे यूएई से आईपीएल 2020 शुरू होने से पहले ही ? इस सवाल का जवाब एक रहस्यमय पहेली बना हुआ है। इस सब के बीच इस सच्चाई में कोई रहस्य नहीं कि सुरेश रैना की गैमौजूदगी का असर आईपीएल 2020 में CSK के प्रदर्शन पर जरूर आएगा। एक खिलाड़ी जिसे धोनी के बाद टीम का न सिर्फ सबसे ख़ास खिलाड़ी गिनते हों, उसकी गैमौजूदगी ही झटका दे देगी और यहां तो साथ में विवाद भी जुड़ गया। वे कौन सी 5 जगह हैं जहां टीम को सुरेश रैना की कमी सबसे ज्यादा महसूस होगी।




## बल्लेबाज के तौर पर :

आईपीएल में रैना का रिकॉर्ड 193 मैच में 5368 रन है और इनमें से 4527 रन 164 मैच में उन्होंने CSK के लिए बनाए - CSK के लिए 4000 रन बनाने वाले अकेले बल्लेबाज। इंटरनेशनल क्रिकेट में रैना की बल्लेबाजी में चाहे जो कमी निकाली गई हो, जहां तक आईपीएल में रन बनाने का सवाल है वे सबसे कामयाब में से एक हैं। 137.39 का स्ट्राइक रेट अपने आप बता देता है कि उन्होंने टीम के लिए क्या किया ?

## एक कीमती गेंदबाज भी :

हर चर्चा में उन्हें सिर्फ बल्लेबाज गिना पर वे हर नाजुक मौके पर कप्तान के भरोसे के गेंदबाज थे। CSK के लिए 129. 2 ओवर में 24 विकेट लिए 7.22 इकॉनमी रेट से।

अगर कम से कम 24 विकेट का योग्यता स्तर तय कर दें तो रैना का इकॉनमी रेट डग बोलिंगर के बराबर है और सिर्फ मुरलीधरन और अश्विन




इससे बेहतर हैं, जबकि ये तीनों तो विशेषज्ञ गेंदबाज हैं।

## टीम का बैटिंग क्रम गड़बड़ाएगा :

नंबर 3 के तौर पर उनके न होने से CSK के कैंप में हाल फिलहाल कोई ऐसा नहीं है जो एकदम इस नंबर पर आ जाएगा। जो कुछ भी ऊपर नीचे करेंगे, उससे टीम का जमा हुआ सिलसिला बिगड़ेगा। अगर यह मान लें कि खुद धोनी ये जिम्मेदारी लेंगे तो टीम को उनकी जगह लेने वाला फिनिशर ढूंढना होगा। इस मुकाम पर जबकि मैच शुरू होने वाले हैं, ये कैसे होगा?

## टीम की ख़ास कड़ी :

अगर CSK ने कभी धोनी को टीम का महज एक क्रिकेटर नहीं गिना तो रैना को भी नहीं गिना। वे भी CSK की पहचान थे। धोनी के साथ दोस्ती ने उसे एक अलग रंग दे दिया। इसलिए जैसे ही CSK पर लगा प्रतिबंध हटा तो बिना देरी, अगर वे धोनी को वापस लाए, तो रैना को भी। टीम की पहचान को झटका लगा। टीम में ऐसा माना जाता है की वे उन कई खिलाड़ियों के लिए, जो धोनी से उनके कद के कारण सीधे बात नहीं कर पाते थे, धोनी तक पहुंचने का रास्ता थे यानि कि टीम को बांधने के लिए जिम्मेदार।

## शानदार फील्डर भी :

कमाल का फील्डर अब कहां से लाएंगे CSK वाले? इस टीम के लिए 91 कैच और प्रति मैच 0.55 कैच (टीम के लिए कम से कम 15 कैच लपकने वाले फील्डर में सिर्फ 2 का रिकॉर्ड इससे बेहतर उन्हें आईपीएल के सबसे कामयाब फील्डर में से एक साबित करते हैं। ●●

शादाब अली



# IPL 2020 - क्यों धोनी को रैना की जगह नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए ?

तो कौन संभालेगा अब इस जिम्मेदारी को ? ज्यादातर विशेषज्ञों का कहना है कि बिना ज्यादा सोचे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को ये जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। इसकी दो खास वजह हैं...




CSK टीम में कैसे एकदम नंबर 3 की जगह का मसला सबसे बड़ा सवाल बन गया। इस बारे में बहुत चर्चा हो चुकी है। सुरेश रैना जैसा बड़ा बल्लेबाज जब एकदम टीम की बल्लेबाजी की लाइन अप से हट जाए तो झटका लगेगा ही। वैसे तो सुरेश रैना ने आईपीएल में 189 पारी में 5368 रन बनाए पर इनमें से 4907 रन नंबर 3 पर खेली 169 पारी में बनाए। इस नंबर पर और किसी ने न तो 80 पारी खेलीं और न ही 2500 रन बनाए। इसीलिए नंबर 3 पर सुरेश रैना एक बहुत बड़ा नाम हैं और उनकी जगह लेने का सवाल वैसा ही बन गया है जैसे 2019 वर्ल्ड कप से पहले भारत के नंबर 4 का सवाल था। आज भी यह मानने वालों की कमी नहीं कि उस सवाल को नहीं सुलझाया तभी वर्ल्ड कप नहीं जीते। कहीं ऐसा ही CSK टीम के साथ न हो जाए और वे नंबर 3 से जूझते रह जाएं ?

तो कौन संभालेगा अब इस जिम्मेदारी को ? ज्यादातर विशेषज्ञों का कहना है कि बिना ज्यादा सोचे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को ये जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। इसकी दो खास वजह हैं। पहली - टीम को इस नंबर पर रैना जैसा धाकड़ बल्लेबाज चाहिए और इस कसौटी पर धोनी से बेहतर नाम और किसी का नहीं। दूसरी - धोनी को खुद पारी में ज्यादा गेंद खेलने का मौका मिलेगा और वे पारी को बेहतर अंदाज में जमा सकेंगे। इसमें कोई शक नहीं कि धोनी के नंबर 3 पर खेलने से टीम का बल्लेबाजी का क्रम बिगड़ेगा पर केदार, रायुडू और विजय संभाल सकते हैं।

क्या धोनी के पास नंबर 3 का अनुभव है? आईपीएल में धोनी ने अपनी कुल 170 पारी में से नंबर 3 पर 7 में बल्लेबाजी की और इनमें 37.60 औसत से 188 रन बनाए 58 के सबसे बड़े स्कोर के साथ। विश्वास कीजिएगा आईपीएल में नंबर 3 पर कम से कम 180 रन बनाने वालों में धोनी से बेहतर औसत सिर्फ 11 बल्लेबाज की है। टीम इंडिया के लिए नंबर 3 पर टी 20 इंटरनेशनल में धोनी ने 5 पारी में 123 रन बनाए 24.60 की औसत से। इसकी


CHARMINAR








तुलना में 50 ओवर वाली वन डे इंटरनेशनल क्रिकेट में उनके नाम धमाकेदार पारियां हैं। इसीलिए सुरेश रैना ने खुद भी कहा कि धोनी को ही नंबर 3 पर बैटिंग करनी चाहिए। धोनी और आज की क्रिकेट को बड़े नजदीक से देखने वाले आकाश चोपड़ा उन्हें नंबर 3 पर पक्का करने के हिमायती नहीं हैं।

उनका कहना है कि एकदम सामने आए इस सवाल के जवाब में हाल फिलहाल टीम को नंबर 3 की स्थिति को खुला छोड़ देना चाहिए - धोनी को हर मैच में 10 वे ओवर के आस पास विकेट गिरने पर बल्लेबाजी के लिए जाना चाहिए, अब उनका बल्लेबाजी का नंबर ऐसे में चाहे कुछ भी हो।

CSK का अपना थिंक टैंक या धोनी खुद इस बारे में कुछ नहीं बोल रहे पर ये तो तय है कि स्कीम बनाकर उस पर काम हो रहा होगा। अब तो आईपीएल का प्रोग्राम भी बन गया और मैच कहां दूर हैं? ●●

रोहित



IPL 2019 का कप मुंबई इंडियंस ने उठाया पर जिस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के दौरान सबसे 'यादा चर्चा हासिल की वे कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के विस्फोटक ऑलराउंडर आंद्रे रसेल थे। इसमें गलत भी क्या है? उन्होंने IPL 2019 में हर भूमिका में ऐसी क्रिकेट खेली कि अकेले अपने दम पर टीम को चैंपियन बनने के करीब पहुंचा दिया। फिर भी केकेआर ने टाइटल नहीं जीता तो वे बौखलाए और खुले आम बोले। ये बगावत नहीं थी, उनकी निराशा थी क्योंकि उनकी बेहतरीन क्रिकेट बेकार गई। देखिए IPL 2019 में रसेल ने बैट के साथ क्या किया था।

- 510 रन 204.81 स्ट्राइक रेट से।
- इस स्ट्राइक रेट ने केकेआर को किसी भी फंसी स्थिति से निकालकर मैच जीतने वाली टीम बना दिया।
- टूर्नामेंट में आखिरी 5 ओवर के रिकॉर्ड में रसेल ने 351 रन बनाए

# IPL 2020: क्या आंद्रे रसेल अपना 2019 वाला जलवा इस बार भी दिखा पाएंगे?

जब तक रसेल पिच पर थे, टीम की चमत्कार की उम्मीद बनी रही थी। अब दिनेश कार्तिक की टीम को भरोसा है कि रसेल इसी फॉर्म को जारी रखेंगे। टीम ने जो फायदा IPL 2019 में नहीं उठाया...

सिर्फ 141 गेंद में यानि कि 248.9 स्ट्राइक रेट से।

- दो बार आखिरी 3 ओवर में 50+ रन अकेले बनाए टीम की जीत के लिए।
- टॉप स्कोर 80* था 40 गेंद में, मुंबई इंडियंस के खिलाफ।
- सीजन में केकेआर के बल्लेबाजों ने जो रन बनाए उनमें से 22 प्रतिशत अकेले रसेल ने बनाए।
- जब वे क्रीज पर थे तो उस दौरान केकेआर के स्कोर में जो रन जुड़े, उनमें से 62 प्रतिशत रसेल ने बनाए।

2019 कैलेंडर इयर में रसेल ने 1080 रन बनाए 182.12 स्ट्राइक रेट से सभी तरह की टी 20 क्रिकेट में और किसी बल्लेबाज ने तो इस स्ट्राइक रेट से 500 रन भी नहीं बनाए।

एक बल्लेबाज टीम के लिए अकेले इससे ज़्यादा और क्या करेगा? ये सिर्फ केकेआर की बात नहीं है। इस साल जब वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 की सीरीज खेली तो उसके शुरू होने से पहले ब्रावो ने कहा था, ''हमारे लिए तो गेल और लारा दोनों ही रसेल हैं।''

**कुछ घंटे पहले खत्म हुई CPL 2020 में 8 पारी में 222 रन बनाए 44.40 औसत और 141.40 स्ट्राइक रेट से, जिसमें 50 वाले तीन स्कोर थे।**

इसमें कोई शक नहीं कि ऐसे प्रदर्शन को दोहराना आसान नहीं होता पर रसेल, जो फॉर्म दिखा रहे हैं उससे तो यही लगता है कि इस बार वे गल्फ के क्रिकेट स्टेडियमों में अपने बैट से आग लगाने के लिए तैयार हैं। गेंद के साथ जो करेंगे वह बोनस होगा।

फॉर्म का अंदाजा इसी से लग जाएगा कि श्रीलंका के विरुद्ध पहले टी 20 में 35 बनाए 14 गेंद में और अगले टी 20 में 40 बनाए 14 गेंद में। कुछ घंटे पहले खत्म हुई CPL 2020 में 8 पारी में 222 रन बनाए 44.40 औसत और 141.40 स्ट्राइक रेट से, जिसमें 50 वाले तीन स्कोर थे। उनकी टीम जमैका तलावाज सेमीफइनल तक पहुंची और उस नॉकआउट मैच में भी जब तक रसेल पिच पर थे, टीम की चमत्कार की उम्मीद बनी रही थी। अब दिनेश कार्तिक की टीम को भरोसा है कि रसेल इसी फॉर्म को जारी रखेंगे। टीम ने जो फायदा IPL 2019 में नहीं उठाया, IPL 2020 में उठाएंगे?●●

शादाब अली

# IPL 2020 – ये 5 बल्लेबाज इस सीजन जीत सकते हैं ऑरेंज कैप




रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली के नाम IPL के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है, जिनके बल्ले से अब तक 177 मैचों में 5412 रन निकले हैं...

इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) गेंदबाजों से ज्यादा बल्लेबाजों का टूर्नामेंट है और यही वजह है कि दर्शकों को विकेट से ज्यादा चौके-छक्के देखने में सबसे ज्यादा आनंद आता है। IPL के हर सीजन वैसे तो कई बल्लेबाजों का बोलबाला रहता है, लेकिन ऑरेंज कैप पर सिर्फ वही बल्लेबाज कब्जा करने में सफल होता है, जो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाता है। ऐसे में आज हम आपको UAE में होने वाले IPL 2020 के ऑरेंज कप के दावेदार बताने जा रहे हैं, जिसमें भारतीय ही नहीं बल्कि T20 क्रिकेट के कई धाकड़ विदेशी बल्लेबाज भी शामिल हैं। आइए एक नजर डालते हैं IPL 2020 के ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदारों पर.




## विराट कोहली (Virat Kohli)

**क्रिकेट** का फॉर्मेट कोई भी हो भारतीय कप्तान विराट कोहली का बल्ला हर टूर्नामेंट में आग उगलता है, जिसकी गवाही देते हैं उनके शानदार आंकड़े। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली के नाम IPL के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है, जिनके बल्ले से अब तक 177 मैचों में 5412 रन निकले हैं। इसमें 5 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं। यही वजह है कि IPL का कोई भी सीजन हो विराट कोहली ऑरेंज कप के दावेदारों में सबसे बड़ा नाम होतें हैं। ऐसे में अगर इस सीजन विराट कोहली ऑरेंज कैप अपने नाम करने में सफल होते हैं तो किसी को हैरानी नहीं होगी।

## रोहित शर्मा (Rohit Sharma)

**IPL** के ऑरेंज कैप की बात हो और मुंबई इंडियंस (Mumbai Indians) के कप्तान रोहित शर्मा की चर्चा न हो, ऐसा संभव नहीं है। अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियसं को 4 बार चैंपियन बना चुके रोहित शर्मा हर सीजन ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदारों में शामिल होते हैं। IPL में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर हैं और अगर वो इस सीजन 10 मैचों में भी चल गए तो उन्हें ऑरेंज कैप के दावेदारों में शामिल होने से कोई नहीं रोक सकता है।



## शिखर धवन (Shikhar Dhawan)

IPL का सीजन शुरु होने से पहले तक बाएं हाथ के बल्लेबाज शिखर धवन (Shikhar Dhawan) पर किसी की निगाहें नहीं होती है, लेकिन जैसे ही सीजन का आगाज होता है तो शिखर धवन अपने शानदार खेल से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचने में कामयाब हो जाते हैं। यही खूबी धवन को IPL 2020 के ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदारों में शुमार करती है। शिखर धवन पिछले सीजन 500 से ज्यादा रन बनाकर टॉप-10 बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे पायदान पर रहे थे जबकि 2018 सीजन में भी वो सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-10 बल्लेबाजों में शामिल रहे। यही नहीं, 2017 के सीजन में धवन 479 रन के साथ नंबर 3 का स्थान पर कब्जा करने में सफल रहे। इन आंकड़ों से साफ हो जाता है कि इस सीजन भी धवन अपने बल्ले के दम पर ऑरेंज कैप की रेस में शामिल हैं।




## डेविड वॉर्नर (David Warner)

IPL 2020 के ऑरेंज कैप के दावेदारों में, जिस खिलाड़ी का नाम आख मूंदकर शामिल किया जा सकता है, वो हैं ऑस्ट्रेलिया के तूफानी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर। वॉर्नर ने पिछले कुछ सीजन जिस तरह का खेल दिखाया है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ड्डक्क उनका कितना पसंदीदा टूर्नामेंट है। यही वजह है कि ड्डक्क 2019 में वॉर्नर 12 मैचों में 143.86 के स्ट्राईक रेट से 692 रन बनाने के साथ ऑरेंज कैप हथियाने में सफल रहे। यही नहीं, वॉर्नर 2017 में भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि 2016 IPL में वो ऑरेंज कैप जीतने से सिर्फ एक पायदान चूक गए। पिछले 4 सीजन में वॉर्नर 3 बार 500 से ज्यादा रन बनाने में सफल रहे हैं। ऐसे में डेविड वॉर्नर IPL 2020 के ऑरेंज कैप के सबसे बड़े दावेदार हैं।








## केएल राहुल(KL Rahul)

**किंग्स** इलेवन पंजाब (KXIP) के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल IPL के पिछले 2 सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाने में कामयाब रहे हैं। 2019 सीजन में राहुल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे पायदान पर रहे थे। लिहाजा IPL 2020 के ऑरेंज कैप के दावेदारों में उनका नाम शामिल न करना एक बड़ी भूल होगी। सलामी बल्लेबाज के तौर पर IPL में उनका प्रदर्शन शानदार हैं और पंजाब की बल्लेबाजी काफी हद तक उन्हीं के कंधों पर टिकी है। ऐसे में उनके ऊपर IPL 2020 में बल्ले से शानदार प्रदर्शन का थोड़ा अतिरिक्त दबाव जरुर होगा।

शादाब अली

# IPL 2020 - नंबर 3 पर खेलने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

उथप्पा के नाम IPL में 4 हजार से ज्यादा रन दर्ज हैं, लेकिन नंबर-3 पर खेलते हुए उनका बल्ला कुछ ज्यादा ही रन उगलता है। नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए IPL की 50 पारियों में 1425 रन दर्ज हैं...

लिमिटेड ओवर क्रिकेट में टीम के अंदर नंबर-3 का स्थान काफी महत्वपूर्ण होता है। किसी भी टीम में नंबर-3 पर उतरने वाला बल्लेबाजी पारी को मजबूती देता है ताकि उसके बाद आने वाले मिडिल ऑर्डर और लोअर ऑर्डर के खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदल सकें। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने नंबर-3 पर खेलकर ही पूरी दुनिया में अपना नाम बनाया है। ऐसे में आज हम उन खिलाड़ियों के बारे में बात करने जा रहे हैं जिन्होंने IPL में नंबर-3 पर खेलते सफलता के झंडे गाड़े हैं। आइए जानते हैं IPL के अब तक के सबसे सफलतम नंबर-3 पर खेलने वाले बल्लेबाजों के बारे में.



## रॉबिन उथप्पा (Robin Uthappa)

भारत के अनुभवी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा भी IPL में नंबर-3 पर खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। वैसे तो रॉबिन उथप्पा के नाम IPL में 4 हजार से ज्यादा रन दर्ज हैं, लेकिन नंबर-3 पर खेलते हुए उनका बल्ला कुछ ज्यादा ही रन उगलता है। उथप्पा के नाम नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए IPL की 50 पारियों में 1425 रन दर्ज हैं, जिसमें 9 अर्धशतक शामिल हैं। इतना ही नहीं नंबर-3 पर बल्लेबाजी के दौरान उथप्पा का औसत 32.39 और स्ट्राईक रेट 140 से ज्यादा का रहा है।



## शॉन मार्श (Shaun Marsh)

ऑस्ट्रेलिया के शॉन मार्श IPL के सर्वश्रेष्ठ नंबर-3 पर खेलने वाले बल्लेबाजों में शुमार हैं, जिसकी गवाही उनके शानदार आकड़े देते हैं। शॉन मार्श ने IPL में किंग्स इलेवन पंजाब (KXIP) की ओर से कुल 69 पारियां खेली हैं, जिनमें से उन्होंने 40 पारियां नंबर-3 के बल्लेबाज के तौर पर खेली है। नंबर- 3 पर खेलते हुए शॉन मार्श ने 39.36 की औसत और 134.31 के स्ट्राईक रेट से 1417 रन बनाए हैं, जिसमें 12 अर्धशतक भी शामिल हैं। इन आंकड़ो से साफ नजर आता है कि IPL के सफलतम नंबर-3 के बल्लेबाजों में क्यों शॉन मार्श की गिनती होती है।




## एबी डी विलियर्स (AB de Villiers)

**इस** लिस्ट में एबी डी विलियर्स का नाम भी शामिल है, जिस पर शायद ही किसी को कोई हैरानी होगी। मिस्टर 360 के नाम से मशहूर एबी डी विलियर्स न IPL में दिल्ली डेयरडेविल्स और RCB की ओर से अपना जलवा बिखेरा है और कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। एबी IPL के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में 9वें स्थान पर हैं और उनके नाम कुल 4395 रन दर्ज हैं। दिलचस्प बात यह है कि एबी ने कुल 4395 में से 2176 रन नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए बनाए हैं। यही नहीं, नंबर-3 पर बल्लेबाजी करना एबी को इतना रास आता है कि वो इस बल्लेबाजी पॉजिशन पर 49.45 की औसत और 150 से भी ज्यादा के स्ट्राईक रेट से खेलते हुए अब तक 18 अर्धशतक और 3 शतक जड़ चुके हैं।



## विराट कोहली (Virat Kohli)

**क्रिकेट** का कोई भी फॉर्मेट हो और विराट कोहली की बात न हो, तो ऐसा संभव नहीं है। पहले सीजन से ही रॉयल चैंलेजर्स बैंगलोर की ओर से खेल रहे विराट कोहली IPL में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में टॉप पर हैं, जिनके नाम 5412 रन दर्ज हैं। इसमें से कोहली ने 2255 रन नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 35.23 और स्ट्राईक रेट 123.77 का रहा है। इन आंकड़ो से जाहिर है कि आखिर क्यों कोहली की गिनती नंबर-3 पर खेलने वाले सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में होती है।





## सुरेश रैना (Suresh Raina)

IPL में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड भले ही विराट कोहली के नाम दर्ज हो, लेकिन IPL के इतिहास में नंबर-3 पर खेलते हुए सबसे सफल बल्लेबाज का तमगा किसी और खिलाड़ी को ही जाता है और ये बल्लेबाज हैं सुरेश रैना। IPL में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात लॉयंस जैसी शानदार टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले सुरेश रैना के नाम नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए 4907 रन दर्ज हैं। दिलचस्प बात यह है कि रैना ने नंबर-3 पर खेलते हुए न केवल रनों का अंबार लगाया है बल्कि उनके नाम इस पॉजिशन पर खेलते हुए शतक भी दर्ज है।

मनीष

# IPL के इतिहास के 5 सबसे खराब कोच

IPL में न केवल मैदान के अंदर खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलती है बल्कि मैदान के बाहर बैठकर विपक्षी टीम के कोच और कोचिंग स्टॉफ जो रणनीति बनाते हैं...

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) दुनिया की सबसे मशहूर लीग होने के साथ-साथ सबसे मुश्किल लीग में से एक हैं। IPL में न केवल मैदान के अंदर खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलती है बल्कि मैदान के बाहर बैठकर विपक्षी टीम के कोच और कोचिंग स्टॉफ जो रणनीति बनाते हैं, उससे भी निपटना होता है। यही वजह है कि IPL में टीमों के लिए शानदार खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक शानदार रणनीति बनाने वाले कोच की भी जरुरत होती है। वैसे तो IPL में कई कोचों ने अपना जलवा बिखेरा है, लेकिन कुछ नाम ऐसे भी हैं, जिनका करियर बतौर कोच आईपीएल में बेहद ही खराब रहा है।

आइए एक नजर डालते हैं ऐसे ही कोचों पर, जिनकी गिनती आईपीएल के इतिहास मे सबसे खराब और असफल कोच के रुप में होती है।



## ज्यौफ मार्श (Geoff Marsh)

**पुणे** वारियर्स इंडिया ने 2011 सीजन के जरिए इंडियन प्रीमियर लीग में अपना डेब्यू किया था और इस दौरान टीम के कोच थे आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ज्यौफ मार्श की कोचिंग काबिलियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 1999 में वो वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच थे। इसी शानदार कोचिंग अनुभव को देखते हुए सहारा पुणे वारियर्स ने साल 2010 में उन्हें अपनी टीम का कोच नियुक्त किया था। मार्श की कोचिंग में पुणे वारियर्स टीम अपने IPL के पहले सीजन में कुछ कमाल नहीं दिखा सकी और आखिरी स्थान से एक पायदान उपर रही, जबकि टीम में सौरव गांगुली और युवराज सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ी मौजूद थे। इसके अगले सीजन में भी बतौर कोच ज्यौफ मार्श टीम के प्रदर्शन में कुछ खास सुधार नहीं कर पाए और इस बार टीम IPL में आखिरी स्थान पर रही। टीम ने अपना आखिरी सीजन 2013 में खेला और 9 टीमों में से 8वें स्थान पर रही। ये टीम के साथ-साथ कोच ज्यौफ मार्श के लिए IPL का आखिरी सीजन साबित हुआ। ज्यौफ मार्श की कोचिंग में पुणे वारियर्स टीम ने कुल 46 मैच खेले, जिसमें से उसे सिर्फ 12 में जीत नसीब हुई।




## जॉन बुकानन (John Buchanan)

**IPL** के पहले सीजन 2008 में कोलकाता नाइटराइडर्स (KKR) ने ऑस्ट्रेलिया के शानदार कोच जॉन बुकानन के साथ एंट्री मारी थी, लेकिन टीम छठे स्थान पर रही। अगला सीजन कोच जॉन बुकानन के लिए बेहद ही खराब साबित हुआ और टीम 14 में से 10 मैच हार कर आखिरी पायदान पर रही। इस दौरान जॉन ब्यूकेनन का कप्तान सौरव गांगुली के साथ कप्तानी को लेकर विवाद भी हुआ और आखिरकार टीम मैनेजमेंट ने बुकानन जैसे काबिल कोच को अपनी टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया। बुकानन को कोच पद से हटाने के बाद कोलकाता ने डेव व्हाटमोर को अपना कोच नियुक्त किया और आखिरकार टीम 2012 में चैंपियन बनने में सफल रही।



## वेंकटेश प्रसाद (Venkatesh Prasad)

**इंडियन** प्रीमियर लीग (IPL) के पहले सीजन में उतरने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) ने पूर्व गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद को टीम का कोच नियुक्त किया, IPL के पहले सीजन में RCB से फैंस को काफी उम्मीदें थी, लेकिन टीम का डेब्यू सीजन में शुरुआत से ही प्रदर्शन निराशाजनक रहा और नतीजा ये हुआ कि सीजन के बीच में ही फ्रेंचाइजी के सीईओ चारु शर्मा ने वेंकटेश प्रसाद को कोच पद से बर्खास्त कर दिया।



## ज्योफ लॉसन (Geoff Lawson)

IPL के इतिहास में, जो कोच कुछ खास नहीं कर सके हैं, उनमें ऑस्ट्रेलिया के ज्योफ लॉसन का नाम भी शामिल है। ज्योफ लॉसन को साल 2011 में एकमात्र IPL खेलने वाली कोची टस्कर्स केरल टीम का कोच नियुक्त किया गया था। इस सीजन ज्योफ लॉसन की कोचिंग वाली कोच्चि टीम का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा और टीम 14 में से सिर्फ 6 मैच जीतने में सफल रही। इस खराब सीजन के साथ ही ज्योफ लॉसन की टीम के कोचिंग पद के साथ-साथ IPL से भी विदाई हो गई।



## शॉन पोलॉक (Shaun Pollock)

शॉन पोलॉक (Shaun Pollock) का नाम बतौर खिलाड़ी वैसे तो क्रिकेट इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है, लेकिन कोच के तौर पर उनका प्रदर्शन IPL में बेहद खराब रहा है। IPL के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम मैनेजमेंट ने शॉन पोलॉक को टीम के कोच पद की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन ये तरकीब भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकी। पोलॉक की कोचिंग में टीम को 14 मैचों में से 8 में हार का सामना करना पड़ा और टीम 2009 सीजन में 7वें पायदान पर रही।

शादाब अली




IPL 2013 में ड्वेन ब्रावो ने 135 डॉट बॉल फेंकी थीं और ये कोई मामूली बात नहीं। IPL करियर रिकॉर्ड - 134 मैच में 147 विकेट 8. 39 इकॉनमी रेट से।...

# IPL के इतिहास में टॉप-5 डेथ ओवर के गेंदबाज

IPL के सबसे कामयाब टीम का कप्तान ऐसे गेंदबाज को ढूंढता है, जो उस नाजुक मौके पर सबसे पहले तो रन रोके और अगर विकेट भी निकाल दे फिर तो कहना ही क्या? पिछले कुछ सालों में इस तरह के गेंदबाज ज्यादा चर्चा में आए और कुछ तो ऐसे माहिर बन गए कि कप्तान जानबूझकर इनके 1-2 ओवर आखिर के लिए बचाकर रखते हैं। IPL ने हाल के सालों में भुवनेश्वर कुमार, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, क्रुणाल पांड्या और राशिद खान जैसे नाम इस लिस्ट में देखे पर 2020 IPL के लिए उपलब्ध लिस्ट में से, जब सबसे माहिर टॉप 5 चुनने की बात आए तो लिस्ट बदल जाती है। कौन हो सकते हैं IPL 2020 के टॉप 5 सबसे कामयाब डेथ ओवर गेंदबाज?



## ड्वेन ब्रावो

**दीपक** चाहर का धोनी ने IPL 2019 में बड़ी खूबसूरती से प्रयोग किया डेथ ओवरों में। उनका 7.93 यानि कि 8 से भी कम का स्ट्राइक रेट इसी का सबूत है। उनके पास शार्दूल ठाकुर भी हैं। धोनी किस्मत वाले हैं कि उनके पास अनुभवी ड्वेन ब्रावो भी हैं, जो अब तक तो इस भूमिका में पक चुके हैं। यहां तक कि उनकी यही खासियत वेस्टइंडीज टीम में उनकी वापसी की वजह बनी थी। अब पूरी दुनिया उनका डेथ ओवरों का कमाल देखती है क्योंकि वे कई T20 लीग में खेलते हैं। IPL 2013 में 135 डॉट बॉल फेंकी थीं और ये कोई मामूली बात नहीं। IPL करियर रिकॉर्ड – 134 मैच में 147 विकेट 8. 39 इकॉनमी रेट से। बिलकुल सही यॉर्कर और धीमी गेंद से बल्लेबाज को चकमे में डाल देते हैं।




## जसप्रीत बुमराह

**पहला** नाम तय है कि हर कोई मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह का ही लेगा। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि वे सफेद गेंद वाली इंटरनेशनल क्रिकेट में भी कप्तान की पहली पसंद हैं, जब उनकी खराब फिटनेस के दौर में भारत का रिकॉर्ड खराब हुआ तो डेथ ओवरों में बुमराह की गेंदबाजी की कमी को ही जिम्मेदार गिना गया। IPL में रोहित शर्मा ने ऐसे में सिर्फ बुमराह को ही देखा और ज्यादातर मौके पर कप्तान का भरोसा ठीक साबित हुआ। IPL में उनका 7.55 का इकॉनमी रेट इसी का इशारा करता है – 77 मैच में 82 विकेट।



## पैट कमिंस

IPL 2017 में 12 मैच में 15 विकेट के रिकॉर्ड ने नहीं, उसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में गेंदबाजी में कमिंस ने जो किया उसने उन्हें न सिर्फ IPL 2020 नीलामी का सबसे महंगा खिलाड़ी, सबसे सनसनीखेज बनने की उम्मीद वाला गेंदबाज भी बनाया। इससे पहले सही मायने में सिर्फ 2017 सीजन ही पूरा खेले हैं और तब से अब तक उनकी प्रतिष्ठा बहुत बदल चुकी है। कोलकाता नाईट राइडर्स को अपनी गेंदबाजी सुधारनी है और आखिरी ओवरों में रन लीक करने का सिलसिला रोकना है। दोनों में नजर कमिंस पर है। IPL करियर रिकॉर्ड – 16 मैच में 17 विकेट 8.29 इकॉनमी रेट से।

## मोहम्मद शमी

जो शमी कुछ विशेषज्ञों की नजर में T20 के सही गेंदबाज ही नहीं थे, वे इस समय किसी भी T20 टीम में स्ट्राइक गेंदबाज साबित होंगे और डेथ ओवर में कप्तान की पहली पसंद। इसी की बदौलत टीम इंडिया में भी वापसी की। IPL 2019 में किंग्स इलेवन के लिए 14 मैच में 19 विकेट निकाले और खास तौर पर डेथ ओवरों में कारगर साबित हुए। IPL करियर रिकॉर्ड – 51 मैच में 40 विकेट 8.99 इकॉनमी रेट से। इस सीजन में भी किंग्स इलेवन को उसी फॉर्म का इंतजार रहेगा।






## कगीसो रबाडा

**दक्षिण** अफ्रीका से आए और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे रबाडा में इस IPL में स्टार गेंदबाज बनने की सभी खूबियां हैं, बशर्ते वे पूरी तरह फिट रहें। IPL 2019 में 25 विकेट के साथ, जहां एक तरफ लिस्ट में नंबर 2 थे वहीं हर नाजुक मौके पर रन रोके। केकेआर के आंद्रे रसेल को जो सही सुपर ओवर फेंका था वह पिछले सीजन की सबसे खास बातों में से एक था। बुमराह की तरह से उनके पास भी ऐसे फंसे मौके के लिए बिलकुल सही यॉर्कर है।
IPL करियर रिकॉर्ड –18 मैच में 31 विकेट 8.13 इकॉनमी रेट से।

रोहित

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज में से उनसे बेहतर स्ट्राइक रेट सिर्फ ऋषभ पंत और मुंबई इंडियंस के ईशान किशन का है...

# IPL 2020 - सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले टॉप-5 भारतीय बल्लेबाज




अगर आईपीएल में स्ट्राइक रेट की भारतीय बल्लेबाज की लिस्ट देखें तो टॉप दो नाम 2010 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेले रितेंद्र सिंह सोढी और 2011 में डेक्कन चारजर्स के लिए खेले ईशान मल्होत्रा के हैं और क्रमशः 200 और 175 का स्ट्राइक रेट दर्ज किया। ये बात यहीं खत्म नहीं होती, क्योंकि सोढी ने 2 गेंद के आईपीएल करियर में 4 रन बनाए और ईशान ने 4 गेंद के करियर में 7 रन बनाए। स्ट्राइक रेट के ऐसे रिकॉर्ड का कोई फायदा नहीं क्योंकि मजा तब है जब कोई क्रिकेटर लंबे करियर में प्रभावशाली स्ट्राइक रेट दर्ज करे। इसलिए इस स्ट्राइक रेट के रिकॉर्ड में उन्हें चर्चा में लेंगे जिन्होंने कम से कम 1000 रन आईपीएल में बनाए। तब टॉप ये 5 बल्लेबाज निकलते हैं.




## केएल राहुल

अब किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेल रहे राहुल ने 2013 से 2019 के आईपीएल करियर में 58 पारी में 1977 रन बनाए 1431 गेंद में तथा स्ट्राइक रेट निकला 138.16 का। खास बात ये है कि इनमें से राहुल ने 36 पारी में विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर प्रदर्शन में 144. 58 का स्ट्राइक रेट दर्ज किया जो और भी बेहतर है। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज में से उनसे बेहतर स्ट्राइक रेट सिर्फ ऋषभ पंत और मुंबई इंडियंस के ईशान किशन का है। 257 चौके-छक्के लगाए उन्होंने स्ट्राइक रेट बढ़ाने के लिए।




## यूसुफ पठान

2008 से 2019 तक के आईपीएल करियर में 154 पारी में 3204 रन बनाए 2241 गेंद में तथा स्ट्राइक रेट निकला 142.97 का। पांड्या की तरह यूसुफ पठान ने भी अपना बहुत कुछ दम खम गेंदबाजी पर खर्च किया। 420 चौके-छक्के लगाए उन्होंने स्ट्राइक रेट बढ़ाने के लिए।





## हार्दिक पांड्या

**मुंबई** इंडियंस के लिए खेल रहे हार्दिक के पास हर रिकॉर्ड को बदलने का मौका है। 61 पारी में 1068 रन बनाए 690 गेंद में तथा स्ट्राइक रेट निकला 154.78 का। हार्दिक ने 2015 से ही तो खेलना शुरू किया और उनके सामने अभी लंबा करियर पड़ा है। अभी तो हार्दिक का दम खम गेंदबाजी में भी खर्च होता है। पूरे आईपीएल में कम से कम 1000 रन बनाने वालों में (विदेशी खिलाड़ी मिलाकर) स्ट्राइक रेट में टॉप 9 में हार्दिक और पोलार्ड की मौजूदगी अपने आप इशारा दे देती है कि कैसे मुंबई इंडियंस का मिडिल ऑर्डर एकदम स्कोर बढ़ाता है। 140 चौके-छक्के लगाए उन्होंने स्ट्राइक रेट बढ़ाने के लिए। इस सीजन के दौरान इस लिस्ट में उनके भाई क्रुणाल का नाम भी आ जाना चाहिए, क्योंकि 891 रन बना चुके हैं 146.06 स्ट्राइक रेट से।

## ऋषभ पंत

**दिल्ली** कैपिटल्स के ये विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी प्रतिष्ठा के हिसाब से टॉप पर हैं 162.7 के स्ट्राइक रेट के साथ। 2016 से 2019 तक के आईपीएल करियर में पंत ने 54 पारी में 1736 रन बनाए सिर्फ 1067 गेंद में और सच तो ये है कि पूरी आईपीएल में कम से कम 1000 रन बनाने वालों में (विदेशी खिलाड़ी मिलाकर) उनसे बेहतर स्ट्राइक रेट सिर्फ आंद्रे रसेल (186.42) का है। इसी से पंत की बेमिसाल कोशिश का अंदाजा हो जाता है। 246 चौके-छक्के लगाए उन्होंने स्ट्राइक रेट बढ़ाने के लिए।






## वीरेंद्र सहवाग

**ये** कतई हैरान करने वाला नाम नहीं क्योंकि, वे तो अपने स्ट्राइक रेट के लिए ही मशहूर रहे। 104 पारी में 2728 रन बनाए 1755 गेंद में तथा स्ट्राइक रेट निकला 155.44 का। अगर पूरा आईपीएल में कम से कम 2000 रन का योग्यता स्तर तय कर दें (विदेशी खिलाड़ी मिलाकर) तो उनसे बेहतर स्ट्राइक रेट किसी का भी नहीं है। इसी से सहवाग की बल्लेबाजी का अंदाजा हो जाता है। उनका करियर 2008 से 2015 तक चला। 440 चौके - छक्के लगाए उन्होंने स्ट्राइक रेट बढ़ाने के लिए।

शादाब अली

# IPL 2020 - एक कप्तान की अगुवाई में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले टॉप-11 गेंदबाज

ब्रावो ने अब तक आईपीएल में जो 147 विकेट लिए हैं उनमें से 104 चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए धोनी की कप्तानी में लिए - 88 मैच में 22.79 औसत और 8.37 इकॉनमी रेट से...

अब तक चर्चा करते थे सबसे ज्यादा विकेट की पर आईपीएल में कुछ खिलाड़ी के कई साल कप्तान बने रहने के कारण इस तरह का रिकॉर्ड भी बड़ा मजेदार हो गया कि एक कप्तान की कप्तानी में सबसे ज्यादा विकेट किस गेंदबाज ने लिए? अगर यह कहा जाए कि आईपीएल 2020 के दौरान युजवेंद्र चहल एक 100 के बहुत करीब हैं तो सुनकर बड़ा अजीब लगेगा पर ये 100 बनेगा विराट कोहली की कप्तानी में उनके विकेट का। इस मामले में टॉप 11 गेंदबाज देखिए -

### ड्वेन ब्रावो :

चेन्नई सुपर किंग्स टीम की पहचान सिर्फ धोनी और रैना ही नहीं हैं। ब्रावो ने अब तक आईपीएल में जो 147 विकेट लिए हैं उनमें से 104 चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में लिए - 88 मैच में 22.79 औसत और 8.37 इकॉनमी रेट से। आईपीएल में अब तक अकेले गेंदबाज, जिसने एक कप्तान की कप्तानी में 100 विकेट लिए।


The
Muthoot
Group




### सुनील नरेन :

अश्विन की तरह सुनील नरेन भी नाइनटीज में रह गए। वे हैं तो अभी भी कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में पर अब गौतम गंभीर कप्तान नहीं जिनकी कप्तानी में वे 95 विकेट की गिनती पर पहुंचे। सुनील ने अब तक आईपीएल में जो 122 विकेट लिए हैं उनमें से 95 गौतम गंभीर की कप्तानी में लिए – 82 मैच में 21.38 औसत और 6.33 इकॉनमी रेट से। इस तरह ब्रावो को साथी मिलते मिलते रह गया।

## आर अश्विन

चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी का धोनी का लंबा दौर एक और गेंदबाज को इस रिकॉर्ड के बहुत करीब ले आया पर रिकॉर्ड बना नहीं। अश्विन ने अब तक आईपीएल में जो 125 विकेट लिए उनमें से 99 चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए उनकी कप्तानी में लिए –108 मैच में 24.11 औसत और 6.46 इकॉनमी रेट से। इस तरह वे नाइनटीज में रह गए। अब चूंकि चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते नहीं इसलिए हाल फिलहाल नाइनटीज में ही रहेंगे।

## युजवेंद्र चहल :

नाइनटीज में तो चहल भी हैं पर अगर सब ठीक रहा तो आईपीएल 2020 के दौरान नाइनटीज में रहेंगे नहीं। चहल ने अब तक आईपीएल में जो 100 विकेट लिए हैं उनमें से 97 रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए विराट कोहली की कप्तानी में लिए – 80 मैच में 22.82 औसत और 7.84 इकॉनमी रेट से। इस तरह ब्रावो को साथी मिल जाएगा।

## लसिथ मलिंगा :

वे चूंकि आईपीएल 2020 में नहीं खेल रहे इसलिए उनके भी हाल फिलहाल एक कप्तान की कप्तानी में 100 विकेट पर पहुंचने के कोई आसार नहीं अन्यथा दावेदार थे। मलिंगा ने अब तक आईपीएल में जो 170 विकेट लिए हैं उनमें से 84 मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में लिए – 62 मैच में 22.45 औसत और 7.92 इकॉनमी रेट से।

## रवींद्र जडेजा :

दावेदारों की लिस्ट में उनका नाम शामिल किया जा सकता है क्योंकि टीम और कप्तान का नाम उनका साथ दे रहे हैं। जडेजा ने अब तक आईपीएल में जो 108 विकेट लिए हैं उनमें से चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 81 महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में लिए – 101 मैच में 24.6 औसत और 7.49 इकॉनमी रेट से।

## एल्बी मोर्केल :

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में एक और कामयाब गेंदबाज। एल्बी ने अब तक आईपीएल में जो 85 विकेट लिए हैं उनमें से 75 चेन्नई सुपर किंग्स के लिए उनकी कप्तानी में लिए – 77 मैच में 27.29 औसत और 8.25 इकॉनमी रेट से।

## एम मैकलेनेघन :

टीम और कप्तान का नाम इस गेंदबाज का साथ दे रहे हैं। मैकलेनेघन ने अब तक आईपीएल में जो 71 विकेट लिए हैं वे सभी मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में लिए – 56 मैच में 25.39 औसत और 8.49 इकॉनमी रेट से।

## हरभजन सिंह :

एक समय वे मुंबई इंडियंस की पहचान थे पर अब साथ छूट गया। हरभजन ने अब तक आईपीएल में जो 150 विकेट लिए हैं उनमें से 67 मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में लिए – 67 मैच में 26.31 औसत और 7.05 इकॉनमी रेट से।





## भुवनेश्वर कुमार :


टीम और कप्तान का नाम इस गेंदबाज का साथ दे रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार ने अब तक आईपीएल में जो 133 विकेट लिए हैं उनमें से 67 सनराइजर्स हैदराबाद के लिए डेविड वॉर्नर की कप्तानी में लिए - 45 मैच में 18.9 औसत और 7.45 इकॉनमी रेट से।



## जसप्रीत बुमराह :

टीम और कप्तान का नाम बुमराह का साथ दे रहे हैं। बुमराह ने अब तक आईपीएल में जो 82 विकेट लिए हैं उनमें से 78 मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में लिए - 74 मैच में 26.6 औसत और 7.47 इकॉनमी रेट से।

रोहित



सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध 6-19 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 24 साल 40 दिन थी..

# IPL 2020 - 25 साल से कम उम्र में 5 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज



## एडम जंपा (राइजिंग पुणे सुपरजाइंट)

**10** मई 2016 को विशाखापट्टनम में सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध 6 –19 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 24 साल 40 दिन थी। आईपीएल में उन 3 गेंदबाज में से एक, जिन्होंने 6 विकेट लिए।

किसी टी20 मैच में 5 विकेट लेना ही बहुत बड़ी कामयाबी है. ठीक वैसे ही जैसे बल्लेबाज के लिए 100 स्कोर करना। उस पर, जब कम उम्र के गेंदबाज ऐसा प्रदर्शन करें तो तारीफ की बात है। अब तक 9 गेंदबाज ने 25 साल से कम उम्र में ये रिकॉर्ड बनाया है। देखिए –





## जेम्स फौकनर (राजस्थान रॉयल्स) :

**दो** बार ये रिकॉर्ड बनाया। पहली बार 27 अप्रैल 2013 को जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध 5 –20 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 22 साल 363 दिन थी और उन 4 गेंदबाज में से एक, जिन्होंने 23 साल से कम उम्र में ये रिकॉर्ड बनाया। दूसरी बार उसी सीजन में 17 मई को उसी टीम के विरुद्ध, लेकिन इस बार उनके ग्राउंड हैदराबाद में और रिकॉर्ड रहा 5–16 का। तब तक उम्र 23 को पार कर चुकी थी और 23 साल 18 दिन के थे। आईपीएल में उन 2 गेंदबाज में से एक, जिन्होंने 5 विकेट का रिकॉर्ड दो बार बनाया।




## जयदेव उनादकत (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर)

10 मई 2013 को फिरोज शाह कोटला (अब अरुण जेटली स्टेडियम) में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के विरुद्ध 5-25 की गेंदबाजी के साथ यह रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 21 साल 204 दिन थी और अकेले गेंदबाज, जिसने आईपीएल में 22 साल से काम उम्र में ये रिकॉर्ड बनाया। आईपीएल में उन 2 गेंदबाज में से एक, जिन्होंने 5 विकेट का रिकॉर्ड दो बार बनाया।






## सोहेल तनवीर (राजस्थान रॉयल्स)

**आईपीएल के पहले ही सीजन में 4 मई को जयपुर में चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध 6-14 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 23 साल 144 दिन थी। ये एक आईपीएल मैच में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी के रिकॉर्ड में नंबर 2 प्रदर्शन है। वे 6 विकेट का रिकॉर्ड बनाने वाले पहले गेंदबाज थे।**

## अलजारी जोसेफ (मुंबई इंडियंस)

वेस्टइंडीज से आए इस गेंदबाज ने 6 अप्रैल 2019 को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध 6-12 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 22 साल 168 दिन थी और उन 4 गेंदबाज में से एक, जिन्होंने 23 साल से कम उम्र में ये रिकॉर्ड बनाया। ये वास्तव में आईपीएल में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी का रिकॉर्ड है।

## इशांत शर्मा (डेक्कन चारजर्स)

27 अप्रैल 2011को कोचि में कोचि टस्कर्स केरल के विरुद्ध 5-12 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 22 साल 237 दिन थी और उन 4 गेंदबाज में से एक, जिन्होंने 23 साल से कम उम्र में ये रिकॉर्ड बनाया।

## रवींद्र जडेजा (चेन्नई सुपर किंग्स)

7 अप्रैल 2012 को विशाखापट्टनम में डेक्कन चारजर्स के विरुद्ध 5 -16 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 23 साल 123 दिन थी।

## सोहेल तनवीर (राजस्थान रॉयल्स)

आईपीएल के पहले ही सीजन में 4 मई 2008 को जयपुर में चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध 6-14 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 23 साल 144 दिन थी। ये एक आईपीएल मैच में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी के रिकॉर्ड में नंबर 2 प्रदर्शन है। वे 6 विकेट का रिकॉर्ड बनाने वाले पहले गेंदबाज थे।

## सुनील नरेन (कोलकाता नाइट राइडर्स)

15 अप्रैल 2012 को कोलकाता में किंग्स इलेवन पंजाब के विरुद्ध 5-19 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 23 साल 325 दिन थी।

## अंकित राजपूत (किंग्स इलेवन पंजाब)

26 अप्रैल 2018 को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध 5-14 की गेंदबाजी के साथ ये रिकॉर्ड बनाया। उस दिन उम्र 24 साल 143 दिन थी।

रोहित

# IPL 2020 - 30 साल की उम्र के बाद पहला शतक ज़ड़ने वाले बल्लेबाज

मुंबई इंडियंस के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध वानखेड़े में अपना पहला 100 बनाया...



**सनथ जयसूर्या :**

पहले ही सीजन में 14 मई 2008 को उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध वानखेड़े में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 114* का। उस दिन उनकी उम्र 38 साल 319 दिन थी और आईपीएल के इतिहास में अकेले, जिसने 38+ उम्र में पहला 100 बनाया।




उम्र बढ़ने लगे तो खास तौर पर टी20 में 100 जैसा स्कोर बनाना मुश्किल हो जाता है, पर कुछ धुरंधरों ने तो 30+ की उम्र में आईपीएल में अपना पहला शतक बनाया। देखिए:

## वीरेंद्र सहवाग :

3 सीजन खेलने के बाद 5 मई 2011 को उन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के लिए डेक्कन चारजर्स के विरुद्ध हैदराबाद में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 119 का। उस दिन उनकी उम्र 32 साल 197 दिन थी। कुल 2 शतक 31+ उम्र में बनाए।

## एंड्रयू सायमंड्स :

पहले ही सीजन में 24 अप्रैल 2008 को उन्होंने डेक्कन चारजर्स के लिए राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध हैदराबाद में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 117* का। उस दिन उनकी उम्र 32 साल 320 दिन थी।

## केविन पीटरसन :

19 अप्रैल 2012 को उन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के लिए डेक्कन चारजर्स के विरुद्ध फिरोज शाह कोटला (अब अरुण जेटली स्टेडियम) में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 103* का। उस दिन उनकी उम्र 31 साल 297 दिन थी।

## एडम गिलक्रिस्ट :

पहले ही सीजन में 27 अप्रैल 2008 को उन्होंने डेक्कन चारजर्स के लिए मुंबई इंडियंस के विरुद्ध डीवाई पाटिल स्टेडियम मुंबई में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 109* का। उस दिन उनकी उम्र 36 साल 165 दिन थी। कुल 2 शतक 31+ उम्र में बनाए और दूसरा 39+ उम्र में बनाया था।

## माइकल हसी :

पहले ही सीजन में 19 अप्रैल 2008 को उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए किंग्स इलेवन पंजाब के विरुद्ध मोहाली में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 116* का। उस दिन उनकी उम्र 32 साल 328 दिन थी।

## अंबाती रायुडू :

13 मई 2018 को उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध पुणे में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 100* का। उस दिन उनकी उम्र 32 साल 232 दिन थी।

## सचिन तेंदुलकर :

3 सीजन खेलने के बाद 15 अप्रैल 2011 को उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए कोचि टस्कर्स केरल के विरुद्ध वानखेड़े में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 100* का। उस दिन उनकी उम्र 37 साल 356 दिन थी




**हाशिम अमला :**
20 अप्रैल 2017 को उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब के लिए मुंबई इंडियंस के विरुद्ध नेहरू स्टेडियम इंदौर में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 104* का। उस दिन उनकी उम्र 34 साल 20 दिन थी। कुल 2 शतक 31+ उम्र में बनाए।



**क्रिस गेल :**
**22 अप्रैल** 2011 को उन्होंने रॉयल चेलेंजर्स बैंगलोर के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध कोलकाता में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 102* का। उस दिन उनकी उम्र 31 साल 213 दिन थी। कुल 6 शतक 31+ उम्र में बनाए। वैसे अब तक आईपीएल में 27 शतक ऐसे बने हैं, जो 31+ उम्र के बल्लेबाज ने बनाए।




## शेन वॉटसन :

**22** अप्रैल 2013 को उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध चैपॉक में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 101 का। उस दिन उनकी उम्र 31 साल 309 दिन थी। कुल 4 शतक 31+ उम्र में बनाए।

## एंड्रयू सायमंड्स :

**पहले** ही सीजन में 24 अप्रैल 2008 को उन्होंने डेक्कन चारजर्स के लिए राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध हैदराबाद में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 117* का। उस दिन उनकी उम्र 32 साल 320 दिन थी।




## महेला जयवर्धने :

**4 अप्रैल** 2010 को उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध कोलकाता में अपना पहला 100 बनाया और स्कोर था 110* का। उस दिन उनकी उम्र 32 साल 312 दिन थी।

रोहित

# तेंदुलकर और धोनी से भी ज्यादा क्यों बिकता है विराट कोहली का नाम?

क्रिकेट के कामर्शियल बाजार पर सचिन तेंदुलकर कई साल छाए रहे। लगा था कोई उनकी बराबरी नहीं कर पाएगा। धोनी ने उनके रिकॉर्ड तोड़े तेंदुलकर से ज्यादा काम की फीस 1.5 करोड़ रूपये...




एक हिंदी बॉलीवुड फिल्म में दिखाया था कि दो हीरो एक ही लड़की से प्यार करते हैं। एक हीरो तो मिस्टर परफेक्ट यानी कि हर काम में लाजवाब। दूसरा मस्त, तेज लेकिन अपने काम में कोई कमी नहीं। हीरोइन ने दूसरे से प्यार किया और जब पहले ने वजह पूछी तो जवाब था कि तुम हर काम में इतने परफेक्ट कि तुम प्यार करने योग्य नहीं, पूजने योग्य बन गए। क्रिकेट को चाहने वालों ने सचिन मिस्टर परफेक्ट से कुछ ही कम। वे भी हर सम्मान के हकदार बन गए।

विराट कोहली ने अपने करियर की शुरुआत में कामयाबी हासिल करने के लिए, सचिन तेंदुलकर से शुभकामना नहीं ली, आशीर्वाद लिया। धोनी की कप्तानी में उनकी क्रिकेट आगे बढ़ी। इसलिए धोनी भी 'आदर्श' बनते चले गए।

क्रिकेट के कामर्शियल बाजार पर सचिन तेंदुलकर कई साल छाए रहे। लगा

**इसमें कोई शक नहीं कि तुलना गलत होगी, क्योंकि हर किसी ने अपने अपने समय में बेहतर किया और आगे के क्रिकेटरों के लिए मिसाल कायम की और बेहतर करने के लिए, पर जो चर्चा विराट कोहली के हिस्से में आई उसका जवाब नहीं।**

तेंदुलकर को भगवान बना दिया, अपने से अलग कर दिया। इस तरह वे तो गॉड ऑफ क्रिकेट बन गए। धोनी भी लगभग ऐसे ही हैं. किसी से कोई झगड़ा नहीं, हर किसी को साथ लेकर चलने वाले और था कोई उनकी बराबरी नहीं कर पाएगा। धोनी ने उनके रिकॉर्ड तोड़े तेंदुलकर से ज्यादा एंडोर्समेंट कॉन्ट्रैक्ट, ज्यादा फीस और एक दिन के कामर्शियल काम की फीस 1.5 करोड़ रूपये। कभी सुनी भी






नहीं थी ऐसी फीस। बॉलीवुड की मशहूर हस्तियों को भी ऐसी फीस नहीं मिलती थी।

विश्वास कीजिए ये सब अब पीछे रह गया है। विराट कोहली क्रिकेट के बाजार में बिक्री में इनसे भी बड़ा नाम बन गए, इनसे ज्यादा फीस और सबसे बड़ी बात ये कि आज का हर युवा क्रिकेटर विराट कोहली बनना चाहता है, तेंदुलकर या धोनी नहीं।

इसीलिए विराट इनसे भी बड़े ब्रैंड हैं. उनका नाम इनसे भी ज्यादा बड़ा है। तेंदुलकर और धोनी शायद पहुंच से बाहर हो गए और हर कोई अपने आपको विराट कोहली से जोड़ता है. उनसे बात कर सकते हैं, मिल सकते हैं, उनके प्यार और खेल भावना के किस्से हैं तो ग्राउंड में लड़ने और बहसबाजी के भी। आज का युवा अपने आपको विराट से जोड़ता है इसीलिए उनका चेहरा बिकता है।

इस साल फरवरी में जारी हुई डफ एंड फेल्प्स की रिपोर्ट के मुताबिक विराट कोहली की ब्रैंड वेल्यू लगभग 238 मिलियन अमेरिकी डॉलर है और वे भारत के सबसे महंगे और कामयाब सेलिब्रिटी हैं।

बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां भी पीछे रह गईं। आज के क्रिकेटरों में उनके बाद रोहित शर्मा हैं 23 मिलियन डॉलर की ब्रैंड वेल्यू के साथ और इन दोनों रकम का फर्क अपने आप बता देता है कि विराट कोहली कहां पहुंच गए।

सिर्फ एक साल के अंदर विराट कोहली की ब्रैंड वैल्यू में 39 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज हुई और ये कोई मामूली बात नहीं है।

धोनी नंबर 9 हैं 41.2 मिलियन डॉलर की ब्रैंड वैल्यू के साथ और तेंदुलकर नंबर 15 हैं 25.1 मिलियन डॉलर के साथ। अगर धोनी ने एक दिन की कमर्शियल ड्यूटी के लिए 1.5 करोड़ रूपये की फीस ली तो विराट कोहली तो एक दिन के काम के 4 करोड़ रूपये ले रहे हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि तुलना गलत होगी, क्योंकि हर किसी ने अपने अपने समय में बेहतर किया और आगे के क्रिकेटरों के लिए मिसाल कायम की और बेहतर करने के लिए, पर जो चर्चा विराट कोहली के हिस्से में आई उसका जवाब नहीं। कहीं न कहीं इसमें ग्लेमर की भी हिस्सेदारी है, क्योंकि विराट कोहली ने पावर कपल बनाया, जबकि तेंदुलकर और धोनी दोनों ने अपनी अपनी 'बैटर हॉफ' को इस चमक-दमक से दूर रखा। ●●






## विकल्प

| | |
|---|---|
| 1. महेन्द्र सिंह धोनी | ☐ |
| 2. शिखर धवन | ☐ |
| 3. ऋषभ पंत | ☐ |
| 4. विराट कोहली | ☐ |

पिछले माह का सही जवाब है
शिखर धवन
भाग्यशाली विजेता हैं
आशीष
(कानपुर)

**इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आपको खिलाड़ी का चेहरा पहचानना है। आपकी सहूलियत के लिए हम कुछ विकल्प देंगे। सही जवाब देने वाले एक भाग्यशाली विजेताओं को मिलेगी आकर्षक ड्यूक की टी-शर्ट। आपको अपने नाम, उम्र, व्यवसाय, पता, टेलीफोन नं. और ईमेल के साथ अपना जवाब पोस्टकार्ड पर लिखकर हमारे पते पर 20 अक्टूबर, 2020 तक भेजना है।**

### नियम व शर्तें

- एक से अधिक सही जवाब देने पर विजेता का चयन लकी ड्रा द्वारा किया जाएगा।
- पूर्णतः भरा हुआ कूपन ही मान्य होगा।
- विजेता का नाम क्रिकेट टुडे के आगामी अंक में प्रकाशित किया जाएगा।
- विजेता को मिलने वाला पुरस्कार दिखाए गए चित्र से अलग हो सकता है।

**हमारा पताः डायमंड क्रिकेट टुडे, X-30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, नई दिल्ली-110020**

भाग्यशाली विजेता हैं
वियान
(लखनऊ)

**कूपन को भरकर भेजें।**

**नामः**.......................................

**व्यवसायः**.......................................

**उम्रः**.......................................

**पताः**.......................................

.......................................

**टेलीफोनः**.......................................

**ईमेलः**.......................................

**हमारा पताः** डायमंड क्रिकेट टुडे, **X**-30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, नई दिल्ली-110020



## क्रिकेट टुडे प्रश्नोत्तरी


1. आईपीएल में सबसे ज्यादा रन किसने बनाए हैं?
2. आईपीएल में सर्वाधिक विकेट किसने चटकाए हैं?
3. आईपीएल में सबसे अधिक शतक किसने बनाए हैं?
4. आईपीएल में सर्वाधिक हैट्रिक चटकाने वाला गेंदबाज कौन है?
5. आईपीएल में सबसे ज्यादा कैच किसने पकड़े हैं?

# जीतिए लिबर्टी वॉलेट



**नियम व शर्तें**

- डाक से भेजे गए जवाबों की अंतिम तिथि है 20 अक्टूबर, 2020।
- एक से अधिक सही जवाब होने पर विजेताओं का चयन लकी ड्रॉ द्वारा किया जाएगा।
- विजेता का नाम क्रिकेट टुडे के आगामी अंक में प्रकाशित किया जाएगा।
- पूर्णतः भरा हुआ कूपन ही मान्य होगा।
- विजेता को मिलने वाला पुरस्कार दिखाए गए चित्र से अलग हो सकता है।




**RADO STORES: AHMEDABAD:** Ph: 26442802. **AMRITSAR:** Ph: 6600555. **BANGALORE:** Ph: 30160121, 40982107. **COCHIN:** Ph: 4060336, 9142491424. **COIMBATORE:** Ph: 4203500. **CHENNAI:** Ph: 42613000, 28464224, 30083480. **GURGAON:** Ph: 4665607. **HYDERABAD:** Ph: 9247656706, 65795916, 23420070, 30534003. **KOLKATA:** Ph: 22814466, 40002954. **MUMBAI:** Ph: 28337244, 67439854, 26489174/75, 64521117. **MANGALORE:** Ph: 2498165. **NEW DELHI:** Ph: 46562788, 43575253. **NOIDA:** Ph: 4210121. **PUNE:** Ph: 8308819237. **TRIVANDRUM:** Ph: 2728999.

Registered DL(S) 01/3119/2018-20 R.N.I No. 67923/98 Date of Publication 25th of every month